(3) क्या यह बात सही है कि, चैनपुर प्रखण्ड के जनावल पंचायत अन्तर्गत ग्राम–डोकापाठ, ककरंगपाठ, बेसनापाठ आदि में निवास करने वाले आदिम जनजाति परिवार के लोगों को प्रतिमाह डोर स्टेप डिलीवरी नहीं होती है और किसी कारणवश विगत महिने को राशन शेष रह गया तो कभी दिया ही नहीं जाता है;	अस्वीकारात्मक। जनावल पंचायत में कुल 347 आदिम जनजाति के लाभुक हैं पिछले तीन माह में माह मई का 19.05.2019 को माह जून में 15.06.2019 तथा माह जुलाई में 19.07.2019 को विशिष्ट जनजाति खाद्यान्न सुरक्षा योजना (पी०वि०टी०जी० डाकिया योजना) के तहत इन सभी लाभुकों को खाद्यान्न का वितरण किया गया है।
(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपर्युक्त गाँवों के आदिम जनजाति समुदायों के लोगों सहित राज्य के आदिम जनजाति समुदाय के हित में इस मामले का गंभीरता पूर्वक जाँच कराकर संलिप्त अधिकारियों, कर्मचारियों को दंडित करते हुए लाभुकों को सुनिश्चित राशन दिलाने हेतु समुचित कदम उठाने का विचार रखती है, हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों ?	आदिम जनजाति समुह को प्रति माह विशिष्ट जनजाति खाद्यान्न सुरक्षा योजना (पी०वि०टी०जी० डाकिया योजना) के तहत खाद्यान्न की आपूर्ति की जा रही है।

ह0 / –
(थॉमस डुंगडुंग),
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक :– खा०प्र० 6–8 (वि०स०) 25 / 2019– 2172 / राँची, दिनांक 23/07/19

प्रतिलिपि – उप सचिव, झारखण्ड विधान सभा सचिवालय, राँची को उनके ज्ञाप संख्या– 1486 / वि०स०, दिनांक 16.07.2019 के क्रम में 200 प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

23/7/19

सरकार के संयुक्त सचिव।

C:\D. Food\Vikash Kumar\2019-20\Ujha Gai\Manson Satra\Vidhan sabha Question & Answer 25-07-2019.docx

(117)

प्रो० जय प्रकाश वर्मा, स०वि०स० से प्राप्त तारांकित प्रश्न सं०–क०–03 का उत्तर प्रतिवेदन :–

क्र० सं०	प्रश्न	उत्तर
1	2	3
1.	क्या यह बात सही है कि गिरिडीह जिला के बेंगाबाद प्रखण्ड अनुसूचित जनजाति बाहुल्य प्रखण्ड है ;	स्वीकारात्मक।
2.	क्या यह बात सही है कि अनुसूचित जनजाति के अन्तर्गत आने वाले समुदाय के अधिकतर लोगों की आर्थिक स्थिति दयनिय होती है। ये अपने बच्चों के शिक्षा का खर्च वहन करने में सक्षम नहीं होते है;	स्वीकारात्मक।
3.	यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार अनुसूचित जनजाति के बच्चों के पढ़ाई हेतु बेंगाबाद प्रखण्ड में 'एकलव्य' विद्यालय खोलने की मंशा रखती है, हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ?	अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा अनुसूचित जनजाति के छात्र/छात्राओं के लिए 116 आवासीय विद्यालय संचालित है, जिसमें बेंगाबाद प्रखण्ड सहित झारखण्ड के सभी अनुसूचित जनजाति के छात्र/छात्राएँ विहित प्रक्रिया के तहत् अपना नामांकन कराकर शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं।

झारखण्ड सरकार
अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग।

ज्ञापांकः– 10/वि०स०प्र०–EMRS–53/2019 2496 राँची, दिनांकः– 23/7/19

प्रतिलिपिः–उप सचिव,झारखण्ड विधान सभा सचिवालय, राँची को उनके ज्ञाप संख्या– 1499, दिनांकः– 16.07.19 के प्रसंग में 200 (दो सौ) प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(सुबोध किशोर सोरेंग)
सरकार के विशेष सचिव।

(118)

श्री कुशवाहा शिवपूजन मेहता, माननीय स०वि०स० द्वारा दिनांक–25.07.19 को पूछे जाने वाले तारांकित प्रश्न संख्या जा०–09 का उत्तर प्रतिवेदन

प्रश्नकर्त्ता श्री कुशवाहा शिवपूजन मेहता, मा०स०वि०स०	उत्तरदाता विभागीय मंत्री
1. क्या यह बात सही है कि हुसैनाबाद, हैदर नगर, एवं मोहम्मदगंज प्रखण्ड को बिजली की सप्लाई बिहार के सोन नगर से होता है;	स्वीकारात्मक।
2. क्या यह बात सही है कि खण्ड एक (i) में वर्णित सोन नगर से विद्युत आपूर्ति होने के कारण वर्णित प्रखण्डों में आए दिन ब्लैक आउट (बिजली) होते रहते हैं, जिसके कारण छात्र-छात्राओं एवं आम जनता का भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है;	आंशिक स्वीकारात्मक। वर्तमान में इन क्षेत्रों में 18–20 घंटा बिजली आपूर्ति की जा रही है।
3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो, क्या सरकार B (बी) मोड़ से पचम्ब ग्रीड को जोड़कर नियमित विद्युत आपूर्ति वर्णित प्रखण्डों में सुनिश्चित करने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों?	नी० मोड़ स्थित गढ़वा रोड ग्रिड सब-स्टेशन से पचम्बा स्थित जपला ग्रिड सब-स्टेशन 132 के०वी० संचरण लाईन से जुड़ा हुआ है। इसके अतिरिक्त 132 के०वी० गढ़वा रोड-जपला संचरण लाईन का निर्माण कराया जा रहा है। संचरण लाईन के निर्माण में वन क्षेत्र पड़ने के कारण वन विभाग में Forest Clearance का मामला प्रक्रियाधीन है। वन विभाग से Forest Clearance प्राप्त होते ही निर्माण कार्य त्वरित गति से पूर्ण कर लाईन को चालू कर दिया जायेगा। भागोडीह, गढ़वा में 220/132 के०वी० ग्रिड सब-स्टेशन बन कर तैयार है। पचम्बा ग्रिड सब-स्टेशन को लहलहे, डाल्टेनगंज स्थित पावर ग्रिड से जोड़ने हेतु 220 के०वी० गढ़वा (भागोडीह)- डाल्टेनगंज संचरण लाईन एवं 132 के०वी० भागोडीह-गढ़वा रोड संचरण लाईन का निर्माण किया जा रहा है, जिसका निर्माण कार्य अक्टूबर 2019 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इस परियोजना के पूर्ण होने पर पचम्बा ग्रिड सब-स्टेशन सीधे डाल्टेनगंज स्थित पावर ग्रिड से जुड़ जायेगा तथा हुसैनाबाद, हैदर नगर एवं मोहम्मदगंज प्रखण्ड को गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति की जा सकेगी।

झारखण्ड सरकार
ऊर्जा विभाग

ज्ञापांक :– 1857 / राँची, दिनांक :– 24/7/19

प्रतिलिपि – अवर सचिव, झारखण्ड विधानसभा सचिवालय, राँची को अतिरिक्त 200 प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

24/7/19

(अरूण प्रकाश सिंह)
सरकार के अवर सचिव।

119

श्री कुणाल षड़ंगी, माननीय स०वि०स० द्वारा दिनांक–25.07.2019 को पूछे जाने वाले तारांकित प्रश्न सं०–ग०–03 का उत्तर प्रतिवेदन

तारांकित प्रश्न	उत्तर
1. क्या यह बात सही है कि पूर्वी सिंहभूम जिले का प्रखण्ड चाकुलिया में इसी वर्ष नहर में डुबने से 3 छात्रों की मौत हो गई है, जिसका मुआवजा अभी तक नहीं मिला पाया है,	स्वीकारात्मक।
2. यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार जल्द से जल्द मृत छात्रों के परिजनों को चार–चार लाख रूपया का मुआवजा देने का विचार रखती है, हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों?	विभागीय संकल्प संख्या–969 दिनांक–25.10.2018 द्वारा नाव दुर्घटना, नदियों/डोभा/जलप्रपात में डुबने से होने वाले जानमाल की क्षति के निमित अनुदान की राशि प्रभावितों को उपलब्ध कराने के लिए राज्य की विशिष्ट स्थानीय आपदा घोषित किया गया है। प्रस्तुत यह मामला नहर में डुबने से हुई मृत्यु से संबंधित है जो भारत/राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित प्राकृतिक आपदा की सूची में शामिल नहीं है। राज्य आपदा मोचन निधि से इस प्रकार के मामलों में भुगतान करना संभव नहीं है।

झारखण्ड सरकार
गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
(आपदा प्रबंधन प्रभाग)

ज्ञापांक–07/गृ०का०आ०प्र०(विधायी)–40/2019–558/आ०प्र०, दिनांक– 24/07/19

प्रतिलिपि– माननीय मुख्य (विभागीय) मंत्री के आप्त सचिव, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची/विशेष सचिव, मंत्रिमण्डल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (संसदीय कार्य), झारखण्ड, राँची /अवर सचिव, विधायी शाखा, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, (गृह प्रभाग), झारखण्ड, राँची /उप सचिव, झारखण्ड विधानसभा सचिवालय, राँची को उनके ज्ञापांक–1360 दिनांक–13.07.2019 के प्रसंग में 200 प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

राजीव कुमार
24/07/2019
(राजीव कुमार)
सरकार के अवर सचिव।

120

श्री दशरथ गागराई, माननीय स०वि०स० द्वारा दिनांक–25.07.19 को पूछे जाने वाले तारांकित प्रश्न संख्या जा०–13 का उत्तर प्रतिवेदन

प्रश्नकर्त्ता श्री दशरथ गागराई, मा०स०वि०स०	उत्तरदाता विभागीय मंत्री
1. क्या यह बात सही है कि पश्चिमी सिंहभूम जिला के खूँटपानी प्रखण्ड के 10/2016 के०वी०ए० के 50 विद्युत ट्रांसफार्मर खराब है;	स्वीकारात्मक।
2. क्या यह बात सही है कि उपरोक्त खराब ट्रांसफार्मरों को विगत दो वर्षों से नहीं बदले जाने के कारण संबंधित गाँवों में विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से बाधित है;	आंशिक स्वीकारात्मक।
3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो, क्या सरकार 10/2016 के०वी०ए० के खराब ट्रांसफार्मरों को बदलने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों?	पश्चिमी सिंहभूम जिला के प्रखण्ड खूँटपानी के वर्णित विभिन्न गाँवों में 10 एवं 16 के०वी०ए० के ट्रांसफार्मर जले हुए हैं। जले हुए 10 एवं 16 के०वी०ए० के ट्रांसफार्मर को 25 के०वी०ए० के नये ट्रांसफार्मर से बदलने का कार्य दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के अन्तर्गत स्वीकृत है। पूर्व में पश्चिमी सिंहभूम जिला अन्तर्गत दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना का कार्य M/s IL&FS को को आवंटित था। उक्त कार्य को करने के लिए पूर्व से चयनित कम्पनी आई०एल०एफ०एस० को धीमा कार्य करने के कारण निगम मुख्यालय के द्वारा मुख्य अभियंता (ग्रामीण विद्युतीकरण) के पत्रांक 500 दिनांक 23.01.2019 से अनुबंध रद्द कर दिया गया है। निविदा प्रक्रिया के तहत् M/s ANVIL Cables को, मुख्य अभियंता (ग्रामीण विद्युतीकरण) के पत्रांक 1627/RE दिनांक 05.03.2019 से यह कार्य निगम मुख्यालय द्वारा आवंटित किया गया है। नये एजेंसी द्वारा सर्वे का कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं वर्तमान में सामानों की क्रय की प्रक्रिया चल रही है। सितम्बर 2019 तक यह कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा।

झारखण्ड सरकार
ऊर्जा विभाग

ज्ञापांक :– 1832 राँची, दिनांक :– 23/7/19

प्रतिलिपि – अवर सचिव, झारखण्ड विधानसभा सचिवालय, राँची को अतिरिक्त 200 प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

23/7/19

(अरूण प्रकाश सिंह)
सरकार के अवर सचिव।

श्री सत्येन्द्र नाथ तिवारी, मा०स०वि०स० के द्वारा दिनांक–25.07.2019 को पूछे जानेवाले तारांकित प्रश्न संख्या–ग–10 का उत्तर प्रतिवेदन :–

121

क्र०	प्रश्न	उत्तर
1	क्या यह बात सही है कि सरकारी प्रावधान के अनुसार किसी पदाधिकारी/कर्मचारी का स्थानान्तरण/पदस्थापन तीन वर्षो के पश्चात् कर दिया जाता है ;	आंशिक स्वीकारात्मक।
2	क्या यह बात सही है निम्नांकित काराओं के अधीक्षक– (क) केन्द्रीय कारा होटवार, राँची–05 वर्षो से (ख) केन्द्रीय कारा मेदनीनगर,–04 वर्षो से (ग) मंडल कारा, चास (बोकारो) 3.1/2 वर्षो से (घ) मंडल कारा, गढ़वा 3.1/2 वर्षो से ज्यादा समय से एक ही कारा में पदस्थापित/कार्यरत है ;	स्वीकारात्मक।
3	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार तीन वर्षो से ज्यादा लम्बे अवधि से एक ही स्थान पर पदस्थापित/कार्यरत काराधीक्षकों के स्थानान्तरित करने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?	आगामी स्थापना समिति की बैठक में कंडिका–2 में उल्लेखित मामलों पर विचार किया जायगा।

झारखण्ड सरकार,
गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग।

ज्ञापांक–11/वि०स०–06/2019–3877/ राँची, दिनांक–24/07/19 ई०।

प्रतिलिपि–200 अतिरिक्त प्रतियों के साथ उप सचिव, झारखण्ड विधान सभा को उनके ज्ञापांक–1559, दिनांक–18.07.2019 के प्रसंग में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

24/07/19

सरकार के अपर सचिव।

(122)

श्रीमती सीमा देवी, माननीय स०वि०स० द्वारा दिनांक–25.07.19 को पूछे जाने वाले तारांकित प्रश्न संख्या जा०–01 का उत्तर प्रतिवेदन

प्रश्नकर्त्ता श्रीमती सीमा देवी, मा०स०वि०स०	उत्तरदाता विभागीय मंत्री
1. क्या यह बात सही है कि राँची जिलान्तर्गत सिल्ली प्रखण्ड में विभाग द्वारा बिजली बिल कलेक्शन हेतु सिफियास (Xiphias) नामक एजेंसी को जिम्मेवारी दी गई है;	स्वीकारात्मक है।
2. क्या यह बात सही है कि उक्त कंपनी के कर्मचारियों द्वारा कलेक्शन राशि के 99 लाख रूपये का गबन किया गया है;	आंशिक स्वीकारात्मक है। गबन की राशि रू0 93,42,280/– (तिरानवे लाख बयालीस हजार दो सौ अस्सी) है। इस हेतु तदेन सहायक विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमण्डल, टाटिसिलवे के द्वारा थाना काण्ड सं0 124/17 दिनांक 07.12.2017 को सिल्ली थाना में दर्ज कराया गया है।
3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार खण्ड (I) में वर्णित एजेंसी को काली सूची मे डालते हुए गबन की गयी राशि के दोषियों पर कानूनी कार्रवाई का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?	झा0बि0वि0नि0लि0 में प्रचलित नियमों के अंतगर्त उक्त वर्णित गबन की राशि वसूलने हेतु सिल्ली थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है एवं जाँच रिर्पोट आने पर खण्ड –1 में वर्णित एजेंसी पर कानूनी कार्रवाई किया जाएगा। उक्त प्रकरण में संबंधित झा0बि0वि0नि0लि0 के कार्यरत निम्नलिखित पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कार्यवाही की गई है:– (1) श्री धीरेन्द्र कुमार, सहायक विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमण्डल, टाटिसिलवे को कार्यालय आदेश सं0 113 दिनांक 17.01. 2018 द्वारा निलिंबित किया गया एवं कार्यालय आदेश सं0 1382 दिनांक 30.07.2018 द्वारा निलंबन वापस कर उन पर विभागीय कार्यवाही चलाई जा रही है। (2) श्री कुँवर वीरेन्द्र सिंह, सहायक विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमण्डल, टाटिसिलवे को कार्यालय आदेश सं0 114 दिनांक 17.01.2018 द्वारा निलिंबित किया गया एवं कार्यालय आदेश सं0 1384 दिनांक 30.07.2018 द्वारा निलंबन वापस कर उन पर विभागीय कार्यवाही चलाई जा रही है। (3) श्री जगदेव महतो, सहायक विद्युत अभियंता (इन- चार्ज), विद्युत आपूर्ति अवर प्रमण्डल, टाटिसिलवे को कार्यालय आदेश सं0 115 दिनांक 17.01.2018 द्वारा निलिंबित किया गया एवं कार्यालय आदेश सं0 1383 दिनांक 30.07.2018 द्वारा निलंबन वापस कर उन पर विभागीय

	कार्यवाही चलाई जा रही है। (4) श्री अवधेश कुमार बख्शी, सहायक विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमण्डल, टाटिसिलवे को कार्यालय आदेश सं0 116 दिनांक 17.01.2018 द्वारा निलंबित किया गया एवं कार्यालय आदेश सं0 1381 दिनांक 30.07.2018 द्वारा निलंबन वापस कर उन पर विभागीय कार्यवाही चलाई जा रही है। (5) श्री अजय मुण्डा, लेखापाल, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमण्डल, टाटिसिलवे को कार्यालय आदेश सं0 117 दिनांक 17.01.2018 द्वारा निलंबित किया गया एवं अब–तक निलंबन वापस नहीं लिया गया और उन पर विभागीय कार्यवाही चलाई जा रही है। विभागीय कार्यवाही के जाँचोपरान्त दोषी पदाधिकारी एवं कर्मचारी पर नियमानुसार अग्रतर कार्रवाई की जाएगी। गबन की सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई की गई तथा रू0 10,86,500/– की वसूली झा0वि0वि0नि0लि0 द्वारा अविलंब की गई।

झारखण्ड सरकार
ऊर्जा विभाग

ज्ञापांक :– 1861 / राँची, दिनांक :– 24/7/19

प्रतिलिपि – अवर सचिव, झारखण्ड विधानसभा सचिवालय, राँची को अतिरिक्त 200 प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

24/7/19

(अरूण प्रकाश सिंह)
सरकार के अवर सचिव।

123

झारखण्ड सरकार
खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग

दिनांक 25.07.2019 को पूछा जानेवाला तारांकित प्रश्न संख्या– खा०–03 का उत्तर प्रतिवेदन।

प्रश्नकर्त्ता
श्री मनीष जायसवाल,
स०वि०स०

उत्तरदात्ता
श्री सरयू राय
मंत्री,
खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले

प्रश्न	उत्तर
(1) क्या यह बात सही है कि, राज्य में प्रतिवर्ष बी०पी०एल० एवं ए०पी०एल० परिवारों की संख्या में बढ़ोत्तरी होती है जिसमें अबतक सिर्फ हजारीबाग विधान सभा क्षेत्र में लगभग पाँच हजार से अधिक उक्त परिवारों का अब तक राशन कार्ड नहीं बनने के कारण उन्हें सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी महत्वकाँक्षी योजनाओं के लाभ से वंचित रहना पड़ रहा है;	स्वीकारात्मक। राज्य में प्रतिवर्ष बी०पी०एल० एवं ए०पी०एल० परिवारों की संख्या में वृद्धि हुयी है। हजारीबाग जिला के हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत सभी प्रखण्डों में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत लाभुकों का आच्छादन कर कुल 87,743 लाभुक परिवारों (3,96,464 लाभुक) को राशन कार्ड निर्गत किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त ERCMS के माध्यम से प्राप्त आवेदनों पर जाँचोपरान्त प्राथमिकता के आधार पर नये राशन कार्ड का निर्माण जारी है। भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत लाभुकों को आच्छादित करने की अधिकतम सीमा ग्रामीण क्षेत्र के लिए 86.48 प्रतिशत आबादी एवं शहरी क्षेत्र के लिए 60.20 प्रतिशत आबादी निर्धारित की गयी है। उक्त के आलोक में अधिनियम के अन्तर्गत आच्छादित होने वाले अधिकतम लाभुकों की संख्या 2011 की जनगणना के अनुसार 2,64,43,330 है। वर्तमान में अधिनियम के अन्तर्गत राज्य के 2,62,89,874 व्यक्ति आच्छादित हैं। इस प्रकार कुल 1,53,456 लाभुकों हेतु रिक्ति उपलब्ध है जिसके विरूद्ध कुल 8,63,028 राशन कार्ड के आवेदन लंबित है।
(2) क्या यह बात सही है कि, हजारीबाग जिला सहित राज्य के कई जिले जैसे–राँची, रामगढ़, देवघर, धनबाद सहित कई अन्य जिलों में बी०पी०एल० एवं ए०पी०एल० परिवारों के नाम पर साधन संपन्न लोगों द्वारा बनाये गये फर्जी राशन कार्ड का पर्दाफाश हुआ है;	आंशिक स्वीकारात्मक। विभाग द्वारा समय–समय पर समाचार पत्रों के माध्यम से सूचना प्रकाशित कर अयोग्य लोगो को राशन कार्ड समर्पित करने का अनुरोध किया गया है। उक्त के आलोक में अयोग्य लाभुकों द्वारा पी०एच०एच०/ अन्त्योदय राशन कार्ड प्रत्यर्पित किया जा रहा है। वैसे लाभुक जो पी०एच०एच०/अन्त्योदय राशन कार्ड की अहर्त्ता नहीं रखते हैं उनकी छटनी हेतु जिलों में विशेष अभियान चलाकर चिन्हित कर जाँचोपरान्त राशन कार्ड रद्द करने एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 में निहित प्रावधान के तहत कार्रवाई की जा रही है।
(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार राज्यहित एवं जनहित में हजारीबाग जिला सहित राज्य के अन्य सभी जिलों के खण्ड–1 में वर्णित परिवारों का राशन कार्ड तत्काल प्रभाव से बनवाने का विचार रखती है, हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ?	कंडिका–1 एवं 2 में स्थिति स्पष्ट कर दी गयी है।

ह0/–
(थॉमस डुंगडुंग),
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक :– खा०प्र० 6–8 (वि०स०) 26/2019– 2186 /राँची, दिनांक 23/07/19

प्रतिलिपि – उप सचिव, झारखण्ड विधान सभा सचिवालय, राँची को उनके ज्ञाप संख्या–1544/वि०स०, दिनांक 17.07.2019 के क्रम में 200 प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के संयुक्त सचिव।

श्री प्रकाश राम, माननीय स०वि०स० द्वारा दिनांक-25-07-19 को पूछा जानेवाला तारांकित प्रश्न सं०-ज०-10 का उत्तर प्रतिवेदन।

124

क्र0	प्रश्न	उत्तर
1	क्या यह बात सही है कि लातेहार जिलान्तर्गत बालूमाथ प्रखंड में 1--कोमर म0सिं0यो0, 2--बसिया म0सिं0यो0, 3--बनियो म0सिं0यो0, 4--चेताग सेमरसोत म0सिं0यो0, बारीयातु प्रखंड में 1--अमरवाडिह म0सिं0यो0 एवं चन्दवा प्रखंड में 1--आन म0सिं0यो0, 2--बेतर म0सिं0यो0 से हजारो एकड़ भूमि की सिंचाई सुनिश्चित होती थी ;	आंशिक रूप से स्वीकारात्मक।
2	क्या यह बात सही है कि वर्तमान में खण्ड--1 में वर्णित सभी म0सिं0यो0 जीर्ण--शीर्ण अवस्था में जिससे स्थानीय कृषकों को खेती करने में कठिनाई हो रही है ;	आंशिक रूप से स्वीकारात्मक।
3	क्या यह बात सही है कि खण्ड--1 में वर्णित चन्दवा प्रखंड का आन म0सि0यो0 दो वर्ष पूर्व बाढ़ आने से पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है ;	आंशिक रूप से स्वीकारात्मक।
4	यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार खण्ड--1 में वर्णित सभी म0सिं0यो0 का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नही तो क्यो?	प्रश्नगत योजना का सर्वेक्षण किया जा रहा है। सर्वेक्षणोपरांत प्राक्कलन तैयार कर योजना का जीर्णोद्धार कराया जाएगा।

झारखण्ड सरकार
जल संसाधन विभाग, राँची

ज्ञापांक–6 / ज०सं०वि०–20–तारां0–76 / 2019 3983 / राँची, दिनांक–23/07/19

प्रतिलिपि :–(1) उप सचिव, झारखण्ड विधान सभा, राँची को उनके ज्ञापांक–..... दिनांक–..... के प्रसंग में अतिरिक्त 200 (दो सौ) प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(2) उप सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय कॉके, रोड / उप सचिव, मंत्रीमंडल, सचिवालय एवं निगरानी विभाग, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(3) अभियंता प्रमुख–II, जल संसाधन विभाग / मुख्य अभियंता, योजना मोनिटरिंग एवं आयोजन, जल संसाधन विभाग, राँची / मुख्य अभियंता, लघु सिंचाई, राँची / दुमका एवं अवर सचिव, प्रभारी प्रशाखा–6 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

23/07/19
सरकार के अवर सचिव
जल संसाधन विभाग, राँची।

(125)

श्री दशरथ गागराई, स० वि० स० के द्वारा दिनांक– 25.07.2019 को पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न संख्या–क0–05 का उत्तर प्रतिवेदनः–

क्र०	प्रश्न	उत्तर
1	2	3
1.	क्या यह बात सही है कि प० सिंहभूम जिला के खुँटपानी प्रखण्ड के बड़ाचीरू में मेसो ग्रामीण अस्पताल का संचालन सिटिजन्स फाउन्डेशन, राँची के द्वारा किया जा रहा है?	स्वीकारात्मक
2.	क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त 50 बेड की क्षमता वाले उक्त अस्पताल में केवल ओ०पी०डी० सेवा ही चालू किया गया है?	स्वीकारात्मक
3.	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त अस्पताल को सम्पूर्ण रूप (ओ०पी०डी० सहित अन्य सेवाओं से युक्त) से संचालित करने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक नहीं तो क्यों?	उक्त अस्पताल में ओ०पी०डी० की सेवा आरम्भ कर दी गई है। ओ०पी०डी० सेवा के अतिरिक्त स्थानीय निवासियों के लिए उक्त अस्पताल में आई० पी० डी० की सेवा प्रारंभ करना भी प्रस्तावित है एवं तत्संबंधी कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।

झारखण्ड सरकार
अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग।

ज्ञापांक– 03/वि० स० (तारांकित)–06/2019 2502 राँची, दिनांक– 23/7/19

प्रतिलिपि– उप सचिव, झारखण्ड विधान सभा, सचिवालय, राँची को उनके ज्ञाप संख्या– 1542, दिनांक– 17.07.2019 के प्रसंग में 200 (दो सौ) प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

23.07.19

(एस० के० लाल)
सरकार के संयुक्त सचिव।

(126)

प्रो0 स्टीफन मराण्डी, माननीय स0वि0स0 से प्राप्त पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या– म0स0 02 के संबंध में।

तारांकित प्रश्न	उत्तर
1. क्या यह बात सही है कि राज्य के विभिन्न कमीशनरी स्तर पर वर्ष 1988 में महिला प्रसार पदाधिकारियों की नियुक्ति की गयी थी,	**स्वीकारात्मक,** ग्रामीण पुनर्निर्माण एवं पंचायती राज विभाग, बिहार सरकार, पटना के ज्ञापांक– 12294, दिनांक– 29.12.1983 के अनुसार महिला प्रसार पदाधिकारियों का पद अस्थायी है।
2. क्या यह बात सही है कि नियुक्ति की तिथि से लगातार सेवा प्रदान करती आ रही उन महिला प्रसार पदाधिकारियों की सेवा इतने वर्षो के बाद भी नियमित नहीं की गयी है ;	**स्वीकारात्मक,** बिहार विभाजन के समय महिला प्रसार पदाधिकारी के पद का स्वरूप अस्थायी था। अतः इन पदों पर कार्यरत कर्मी सरकारी सेवक नहीं हैं। इस संबंध में माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में विभागीय कार्यालय आदेश सं0– 21 दिनांक– 03.02.2011 द्वारा महिला प्रसार पदाधिकारियों को सरकारी सेवक घोषित नहीं करने का निर्णय लिया गया है।
3. क्या यह बात सही है कि उनकी सेवा नियमित नहीं होने से उन्हें सेवानिवृति लाभ आदि से वंचित रहने का खतरा बना हुआ है ;	**आंशिक स्वीकारात्मक,** कतिपय कर्मियों द्वारा विभागीय कार्यालय आदेश सं0– 21 दिनांक– 03.02.2011 के विरूद्ध माननीय उच्च न्यायालय, राँची में वाद दायर किया गया है, जिसमें दिनांक– 17.08.2017 को पारित अंतरिम आदेश के आलोक में विभागीय संकल्प संख्या– 1845 दिनांक– 16.05.2018 द्वारा महिला प्रसार पदाधिकारी के सेवाशर्त का निर्धारण किया गया है। जिसके अनुसार इन्हें सेवानिवृत्ति उपरांत ग्रुप बीमा, G.P.F/C.P.F का लाभ अनुमान्य है, जबकि पेंशन तथा उपादान अनुमान्य नहीं है।
4. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार सेवानिवृत्ति के करीब पहुँच रही उक्त महिला प्रसार पदाधिकारियों की सेवा नियमित करते हुए इनके साथ न्याय करने का विचार रखती है, हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?	महिला प्रसार पदाधिकारी के पद को सरकारी सेवक घोषित किये जाने का मामला माननीय उच्च न्यायालय, राँची में विचाराधीन है, इस वाद के विचाराधीन रहते मामले पर निर्णय लिया जाना समीचीन नहीं है।

झारखण्ड सरकार,
ग्रामीण विकास विभाग।

ज्ञापांक– 11– 01– वि0स0 (DRDA)/2019/2659 /ग्रा0वि0, राँची, दिनांक– 22-07-19

प्रतिलिपिः– उप सचिव, झारखण्ड विधान–सभा सचिवालय को उनके ज्ञाप सं0– 1537 दिनांक– 17.07.2019 के संदर्भ में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

22.07.19
सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांक– 11– 01– वि0स0 (DRDA)/2019/ 2659 /ग्रा0वि0, राँची, दिनांक– 22-07-19

प्रतिलिपिः– माननीय स0 वि0 स0, प्रो0 स्टीफन मराण्डी के आप्त सचिव, झारखण्ड/मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

22.07.19
सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांक– 11– 01– वि0स0 (DRDA)/2019/ 2659 /ग्रा0वि0, राँची, दिनांक– 22-07-19

प्रतिलिपिः– संयुक्त सचिव, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग/अवर सचिव, प्रशाखा– 3, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

22.07.19
सरकार के अवर सचिव।

(127)

श्री शशि भूषण सामड़, माननीय स०वि०स० द्वारा दिनांक–25.07.19 को पूछे जाने वाले तारांकित प्रश्न संख्या जा०–02 का उत्तर प्रतिवेदन

प्रश्नकर्ता श्री शशि भूषण सामड़, मा०स०वि०स०	उत्तरदाता विभागीय मंत्री
1. क्या यह बात सही है कि चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत प्रखण्ड बन्दगाँव के पचायत लांडूपदा में नवनिर्मित बिजली ग्रीड को अब तक चालू नहीं किया गया है, जिसके कारण चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो रही है;	आंशिक स्वीकारात्मक।
2. क्या यह बात सही है कि चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत प्रखण्ड बन्दगाँव एवं चक्रधरपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में लगे 10 एवं 16 KVA के ट्रांसफार्मर सालों से खराब पड़े हुए हैं, जिन्हें अब तक नहीं बदला गया है;	आंशिक स्वीकारात्मक।
3. क्या यह बात सही है कि 10 एवं 16 KVA के खराब पड़े ट्रांसफार्मरों को बदलने का काम ठेका कंपनी को आवंटित किया गया है। उक्त कंपनी द्वारा खराब ट्रासंफार्मर नहीं बदलने के कारण ग्रामीण क्षेत्र अंधकार में डूबे हैं;	स्वीकारात्मक।
4. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो, क्या सरकार खण्ड-1 में वर्णित बिजली ग्रीड को चालु कराने एवं खराब ट्रांसफार्मर बदलने वाली ठेका कम्पनी पर उचित कार्रवाई करने के साथ ग्रामीण क्षेत्र में नए ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों?	चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत प्रखण्ड बंदगांव के लांडूपदा पंचायत में 33/11 के०वी० विद्युत शक्ति उपकेन्द्र का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है एवं विद्युत शक्ति उपकेन्द्र को चालू करने हेतू संबंधित 33 के०वी० लाईन के निर्माण कार्य में 80% कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष 20% कार्य (लगभग 2–4 कि०मी०) लाईन Row issue के कारण पूर्ण नही किया जा सका है। विभाग के द्वारा कई बार कार्य को पूर्ण करने हेतु प्रयास किया गया परन्तु स्थानीय विरोध के कारण कार्य बंद है। स्थानीय Row issue को सुलझाने हेतु प्रशासन से मदद माँगा गया है। Row issue को सुलझने के पश्चात् 02 महीनों में लंबित कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। वर्तमान स्थिति में चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र के लांडूपदा क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति 33/11 के०वी० विद्युत शक्ति उपकेन्द्र, चक्रधरपुर से सामान्य रूप से किया जा रहा है। पश्चिमी सिंहभूम जिला के प्रखण्ड चक्रधरपुर एवं बंदगाँव के वर्णित गाँवों में 10 एवं 16 के०वी०ए० के ट्रांसफार्मर जले हुए हैं। जले हुए 10 एवं 16 के०वी०ए० के ट्रांसफार्मर को 25 के०वी०ए० के नये ट्रांसफार्मर से बदलने का कार्य दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के अन्तर्गत स्वीकृत है। पूर्व में पश्चिमी सिंहभूम जिला अन्तर्गत दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना का कार्य M/s IL&FS को आवंटित था। इसके संतोषप्रद कार्य नहीं होने के कारण उसके कार्य आवंटन को रद्द कर दिया गया एवं नये एजेंसियों का चयन कर, कार्य आवंटन कर दिया गया है। उक्त जले हुए ट्रांसफार्मरों को सितम्बर 2019 तक बदलने का लक्ष्य है।

झारखण्ड सरकार
ऊर्जा विभाग

ज्ञापांक :– 1859/ राँची, दिनांक :– 24/7/19

प्रतिलिपि – अवर सचिव, झारखण्ड विधानसभा सचिवालय, राँची को अतिरिक्त 200 प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

24/7/19

(अरूण प्रकाश सिंह)
सरकार के अवर सचिव।

D:\Vihan Sabha (Question & Answer)\2019\Manson Session\Tarankit parsan.docx

(128)

श्री शिवशंकर उराँव, माननीय स0वि0स0 द्वारा दिनांक-25.07.19 को पूछा जानेवाला तारांकित प्रश्न संख्या-कृष-06 का प्रश्नोत्तर।

प्रश्नकर्ता- श्री शिवशंकर उराँव, माननीय स0वि0स0		उत्तरदाता-माननीय मंत्री कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
क्र0	प्रश्न	उत्तर
1	क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा जल संरक्षण हेतु पुराने सरकारी एवं निजी तालाबों का जीर्णोद्धार हेतु व्यापक योजना चलाया जा रहा है;	स्वीकारात्मक।
2.	क्या यह बात सही है कि इस निमित राज्य सरकार के विभागीय बजट में विशेष प्रावधान के साथ जीर्णोद्धार योजना का शुभारम्भ किया गया;	राज्य सरकार की विभागीय बजट में बंजर भूमि/राईस फैलो के रूप में विनिर्दिष्ट (Specified) योजना कार्यान्वित की जा रही है।
3	क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2017-18 एवं 2018-19 में राज्य के पाँच सौ से अधिक ऐसे तालाबों का जीर्णोद्धार का कार्य प्रारम्भ किया गया था, ताकि वर्षा जल का संचयन हो और भू-जल स्तर को उपर लाया जा सके;	स्वीकारात्मक।
4	क्या यह बात सही है कि ऐसे तालाबों के निर्माण हेतु तालाब के अगल-बगल में मौजूद भू-धारी किसानों का लाभुक समिति बनाकर उक्त लाभुक समिति द्वारा कार्य कराया जाना (सुनिश्चित हुआ) था;	योजना का कार्यान्वयन पानी पंचायत के माध्यम से कराया जाता है।
5	क्या यह बात सही है कि ऐसे लाभुक समिति के संयुक्त खाते में योजना की राशि आंतरित की जानी थी और कार्य होना था;	वास्तविक कार्य के अनुरूप, मापी पुस्तिका में दर्ज करते हुए तैयार विपत्र के आधार पर संबंधित पानी पंचायत के बैंक खाता में राशि हस्तांतरित किया जाता है।
6	क्या यह बात सही है कि तालाबों के जीर्णोद्धार का कार्य पूरा हो जाने के बाद भी किसानों के लाभुक समिति को राशि आंतरित नहीं की गयी। जिसके कारण किसान घोर लेनदारी (ऋण) में फंसे हुए हैं और कार्यकारियों को भुगतान नहीं कर पा रहे हैं;	वित्तीय वर्ष 2017-18 एवं 2018-19 के समाप्ति माह मार्च तक वास्तविक कार्य के विरूद्ध मापी पुस्तिका में दर्ज मापी एवं तदनुसार तैयार विपत्र के आधार पर संबंधित पानी पंचायत के खाता में राशि क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा हस्तांतरित की गयी है। वित्तीय वर्ष समाप्ति के उपरांत संबंधित पानी पंचायत द्वारा कार्य पूर्ण नहीं किये जाने अथवा अपूर्ण/अधूरा कार्य के कार्यान्वयन एवं भुगतान हेतु निदेशक समेति, राँची के पी0 एल0 खाता में राशि हस्तांतरित की गयी है। समेति के द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय से प्राप्त मापी पुस्तिका एवं विपत्र के आधार पर पी0 एल0 खाता से सीधे संबंधित पानी पंचायत के बैंक खाता में RTGS के माध्यम से राशि हस्तांतरित की जाती है। जिस-जिस जिला के द्वारा विपत्र समेति कार्यालय को उपलब्ध करायी गयी है, उनके लाभान्वित पानी पंचायत के खाता में राशि हस्तांतरित की जा रही है या राशि हस्तांतरण प्रक्रियाधीन है।

7	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार ऐसे लाभुक किसानों को हित में राशि भुगतान कराकर किसानों को उऋण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों?	अस्वीकारात्मक।

झारखण्ड सरकार

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग

(कृषि प्रभाग)

ज्ञापांक–03/कृ0वि0स0(ता0)–37/2019 1770 **कृ0, राँची, दिनांक**– 23-07-19

प्रतिलिपिः– उप सचिव, झारखण्ड विधान–सभा सचिवालय, राँची को उनके ज्ञाप सं0–1485 दिनांक–16.07.2019 के प्रसंग में प्रश्नोत्तर की 200 प्रतियों में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

23.07.19

(चन्द्र भूषण)

सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांक–03/कृ0वि0स0(ता0)–37/2019 1770 **कृ0, राँची, दिनांक**– 23-07-19

प्रतिलिपिः– प्रधान सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग, झारखण्ड, राँची/मुख्यमंत्री सचिवालय, झारखण्ड, राँची/मुख्य सचिव कोषांग, झारखण्ड, राँची/विभागीय माननीय मंत्री के आप्त सचिव/सचिव के प्रधान आप्त सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

23.07.19

सरकार के अवर सचिव।

129

श्री नलिन सोरेन, स०वि०स० द्वारा दिनांक–25-07-19 को पूछा जानेवाला तारांकित प्रश्न सं०–ज०–08 का उत्तर प्रतिवेदन।

क्र0	प्रश्न	उत्तर
1	क्या यह बात सही है कि लघु सिंचाई प्रमंडल, दुमका द्वारा ई0 टेन्डरिंग Re/No.-WRD/MID/ DUMKA/F2-04/2018-19 दिनांक–14.02.2019 का जून 2019 में झींगरी जोरीया पथरगडड़ा जोरिया, दरका जोरिया, जोड़ा सिमल जोरिया, बीयापाथर जोरिया में चेकडैम निर्माण हेतु निविंदा निष्पादित किया गया है।	स्वीकारात्मक दरका जोरिया, डेलीपाथर जोरिया, जोजोगढ़ा/ जोरा सिमल जोरिया, पथरगढ़ा जोरिया एंव झुमरीजोरिया में चेकडैम निर्माण हेतु निविदा निष्पादित किया गया है।
2	क्या यह बात सही है कि उपरोक्त निविदा निष्पादन में विभागीय पदाधिकारी द्वारा योजना के नियम व शर्त्तो को ताक पर रख मनमाने तरीके से निविदा निष्पादित किया है,	विषयगत् मामले की जाँच की जाएगी।
3	क्या यह बात सही है कि योजना के ग्रुप संख्या–02 में टेकनिकल पेपर के नियम व शर्तो के तहत् 3 या 5 वर्षो के लिए एफ0डी0 मांगा गया था, लेकिन 1 वर्ष के एफ0डी0 के आधार पर कार्य आबंटित कर दिया गया, इसी तरह अन्य निविदा में लेबर लाईसेंस के स्थान पर मजदुरी भुगतान के प्रमाण पत्र के आधार पर पदाधिकारियों द्वारा कार्य आबंटित किया गया है,	
4	यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या उपरोक्त सभी निष्पादित निविदा रदद् कर उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषी पदाधिकारियों को दंडित करने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नही तो क्यो?	

झारखण्ड सरकार
जल संसाधन विभाग, राँची

ज्ञापांक–6/ज०सं०वि०–20–तारां0–74/2019 3985 / राँची, दिनांक– 23/07/19

प्रतिलिपि :–(1) उप सचिव, झारखण्ड विधान सभा, राँची को उनके ज्ञापांक–1538 दिनांक–17.07.2019 के प्रसंग में अतिरिक्त 200 (दो सौ) प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(2) उप सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय काँके, रोड/उप सचिव, मंत्रीमंडल, सचिवालय एवं निगरानी विभाग, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(3) अभियंता प्रमुख–II, जल संसाधन विभाग/मुख्य अभियंता, योजना मोनिटरिंग एवं आयोजन, जल संसाधन विभाग, राँची/मुख्य अभियंता, लघु सिचांई, राँची/दुमका एवं अवर सचिव, प्रभारी प्रशाखा–6 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

23/07/19
सरकार के अवर सचिव
जल संसाधन विभाग, राँची।

(130)

श्री अशोक कुमार, माननीय स०वि०स० द्वारा दिनांक–25.07.2019 को पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न संख्या–कृष–07 का उत्तर।

क०सं०	प्रश्नकर्त्ता	उत्तरदाता
	श्री अशोक कुमार, माननीय स०वि०स०	श्री रणधीर कुमार सिंह, माननीय मंत्री, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
	प्रश्न	उत्तर
01	क्या यह बात सही है कि गोड्डा जिला अन्तर्गत ठाकुरगंगटी प्रखण्ड के ग्राम–खरखोदिया में आठ वर्ष पूर्व डेयरी फार्म निर्माण हेतु चाहरदिवारी का निर्माण कराया गया था परन्तु डेयरी फार्म निर्माण हेतु वहाँ सरकार द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई,	आंशिक स्वीकारात्मक। केन्द्र प्रायोजित सघन गव्य विकास कार्यक्रम अन्तर्गत भारत सरकार, कृषि मंत्रालय पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग, नई दिल्ली के द्वारा वित्तीय वर्ष 2010–11 से 2014–15 तक की अवधि में गोड्डा जिला में सघन गव्य विकास कार्यक्रम अन्तर्गत 10,000 लीटर के क्षमता के डेयरी प्लांट की स्थापना तथा दूध उत्पादन, संग्रहण, विधायन तथा विपणन संबंधी कार्यों के कार्यान्वयन की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृत परियोजना अन्तर्गत गोड्डा जिला के ठाकुरगंगटी प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम खरखोदिया में डेयरी की स्थापना हेतु चाहारदिवारी का निर्माण कराया गया। राज्य में गव्य विकास कार्यक्रमों के सुचारू संचालन हेतु नवगठित झारखण्ड राज्य दूध उत्पादक सहकारी महासंघ का गठन एवं निबंधन उपरांत इसका प्रबंधन भार नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड को सौंपा गया। राज्य सरकार एवं एन०डी०डी०बी० के बीच हस्ताक्षरित मेमोरेन्डम ऑफ अन्डरस्टैन्डिंग (एम०ओ०यू०) में निहित प्रावधानों के आलोक में एम०ओ०यू० की अवधि में झारखण्ड मिल्क फेडरेशन की सहमति के बिना राज्य में दूध संग्रहण, प्रोसेसिंग तथा प्रशीतन इकाई की स्थापना नहीं किया जाना है।
02	यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार यह बतलाने की कृपा करेगी कि चाहारदिवारी निर्माण कराने के बाद किन कारणों से डेयरी फार्म निर्माण हेतु कार्रवाई नहीं हुई, एवं इस योजना को पूर्ण कराने हेतु सरकार कौन सी कार्रवाई करेंगी एवं कब तक, नहीं तो क्यों ?	इस संदर्भ में झारखण्ड मिल्क फेडरेशन को केन्द्र प्रायोजित सघन डेरी विकास कार्यक्रम अन्तर्गत गोड्डा जिला में स्वीकृत परियोजना का मध्यावधि संशोधन प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया ताकि योजनाओं को पूर्ण किया जा सके। झारखण्ड मिल्क फेडरेशन से अभी तक प्रस्ताव अप्राप्त है। वर्तमान में गोड्डा जिला के पोटेंशियल क्षेत्रों में झारखण्ड मिल्क फेडरेशन द्वारा दूध संगहण प्रणाली स्थापना एवं संचालन तथा दूध प्रशीतन संयत्र (बल्क मिल्क कूलर) की स्थापना की गई है जिसके अन्तर्गत गोड्डा एवं पसई में 02 दूध प्रशीतन संयत्र (बल्क मिल्क कूलर) तथा 23 दूध संगहण केन्द्रों से संबद्ध 723 दुग्ध उत्पादक सदस्यों से प्रतिदिन 3,500 लीटर दूध संग्रहित करते हुए शीतकृत दूध देवघर डेयरी को प्रोसेसिंग हेतु भेजा जा रहा है। चालू वित्तीय वर्ष में भारत सरकार से प्राप्त निदेश के आलोक में गोड्डा एवं जरमुंडी (दुमका) में 50,000 लीटर क्षमता के डेयरी प्लांट तथा जसीडीह (देवघर) में 2 लाख लीटर क्षमता के डेयरी प्लांट एवं मिल्क पाउडर प्लांट की स्थापना हेतु विस्तृत परियोजना प्रस्ताव तथा बेंचमार्क सर्वे प्रतिवेदन झारखण्ड मिल्क फेडरेशन से प्राप्त किया जा रहा है।

झारखण्ड सरकार
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
(पशुपालन प्रभाग)

ज्ञापांक– 6/वि०स०(तारांकित)–32/2019 प०पा०/ 993 /राँची, दिनांक 23/7/2019

प्रतिलिपिः– उप सचिव, झारखण्ड विधान सभा सचिवालय, राँची को उनके ज्ञापांक–1484/वि०स०, राँची, दिनांक–16.07.2019 के आलोक में उत्तर की कुल 200 चक्रचालित प्रतियाँ/अवर सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग, झारखण्ड, राँची को एक प्रति में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

23/07/19

सरकार के अवर सचिव

(131)

झारखण्ड सरकार

खाद्य,सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग

(माप एवं तौल)

कार्यालय संयुक्त कृषि निदेशक सह नियंत्रक,माप एवं तौल,झारखण्ड,राँची।

दिनांक 25.07.19 को पूछा जाने वाना तारांकित प्रश्न सं0–कृष–05 का उत्तर।

प्रश्नकर्त्ता
श्रीमती विमला प्रधान
स0वि0स0

उत्तरदाता
श्री सरयु राय
मंत्री
खाद्य,सार्वजनिक वितरण एवं
उपभोक्ता मामले विभाग,झारखण्ड।

प्रश्न	उत्तर
(1)क्या यह बात सही है कि पूरे राज्य में विभिन्न पदार्थो की वजन जाँच हेतु सही माप तौल के लिए माप तौल विभाग कार्यरत है ?	स्वीकारात्मक
(2)क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी जिलों में माप तौल पदाधिकारी की पदस्थापना नही है, जिसके कारण आम जनता को सही वजन में पदार्थ नहीं मिलते है और वे ठगे जा रहें है ?	आंशिक रुप से स्वीकारात्मक। माप तौल प्रभाग में निरीक्षक,माप एवं तौल के 37 पद स्वीकृत है,जिसके विरुद्ध सिर्फ 8 निरीक्षक, माप एवं तौल कार्यरत है।जो राँची,गुमला, पलामू, जमशेदपुर,हजारीवाग,धनबाद,दुमका एवं पाकुड़ जिलों में पदस्थापित है शेष अन्य 16 जिलों का अतिरिक्त प्रभार इन्हीं 8 निरीक्षकों को दिया गया है। इसके बाबजूद आम जनता को सही वजन में पदार्थ मिले और वे ठगे नहीं जाय इसके लिए संबंधित निरीक्षक,माप एवं तौल तत्परता से अपना कर्तव्य निर्वहन करते आ रहे है।
(3)यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार राज्य के सभी जिलों में माप तौल पदाधिकारी की पदस्थापना करना चाहती है, हाँ तो कब तक,नही तो क्यों ?	निरीक्षक,माप एवं तौल के रिक्त पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु कार्रवाई की जा रही है। सीधी नियुक्ति हेतु अधियाचना कार्मिक,प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग,झारखण्ड के माध्यम से झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग को भेजी जा चूकी है।झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा निरीक्षक माप एवं तौल के पद पर सीधी नियुक्ति करने के उपरांत झारखण्ड सरकार सभी जिलों में निरीक्षक माप एवं तौल को पदस्थापित करना चाहती है।

ह0/–
(थॉमस डुगडुग)
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक :– खा0प्र0 06–08(वि0स0)27/2019 2189 /राँची,दिनांक 23/07/19
प्रतिलिपि– उप सचिव,झारखण्ड विधान सभा सचिवालय,राँची को उनके ज्ञाप संख्या–1377 दिनांक 19.07.19 कम में 200 प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के संयुक्त सचिव।

(132)

झारखण्ड सरकार

खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग

दिनांक 25.07.2019 को पूछा जानेवाला तारांकित प्रश्न संख्या– खा०–01 का उत्तर प्रतिवेदन।

प्रश्नकर्त्ता
श्री अरूप चटर्जी,
स०वि०स०

उत्तरदात्ता
श्री सरयू राय
मंत्री,
खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं
उपभोक्ता मामले

प्रश्न	उत्तर
(1) क्या यह बात सही है कि, धनबाद जिला के नब्बे हजार लोग अपने राशन कार्ड में अपने–अपने परिवारवालों के नाम जुड़वाने के लिए आवेदन किए हुए है साथ ही और अठारह हजार लोग नये राशन कार्ड बनाने के लिए भी आवेदन किए हुए है, जिन पर कार्रवाई पिछले दो वर्षों से लंबित है;	स्वीकारात्मक। धनबाद जिला में 1,36,000 सदस्य जोड़ने हेतु ऑनलाईन आवेदन प्राप्त है जिसके आलोक में 20,348 सदस्यों का नाम राशन कार्ड में जोड़ा गया है। वर्तमान में भी प्रखण्ड स्तर पर 93,662 एवं जिला स्तर पर 21,412 सदस्यों का नाम रिक्ति की प्रत्याशा में लंबित है। साथ ही इस जिले में 73,772 नये ऑनलाईन आवेदन राशन कार्ड हेतु प्राप्त है जिसके आलोक में 36,523 नये राशन कार्ड का निर्माण किया गया है। वर्तमान में भी प्रखण्ड स्तर पर 27,659 एवं जिला स्तर पर 8,063 नये राशन कार्ड हेतु ऑनलाईन आवेदन रिक्ति की प्रत्याशा में लंबित है।
(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार धनबाद जिला के उक्त लंबित आवेदनों पर अविलम्ब अपेक्षित कार्रवाई कर निष्पादित करने का विचार रखती हैं, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?	राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत धनबाद जिला अन्तर्गत लाभुकों को आच्छादित किये जाने का अधिकतम लक्ष्य 18,71,630 है जिसके विरूद्ध में वर्तमान में 18,69,443 सदस्य को अधिनियम के तहत आच्छादित किया जा चुका है। इस प्रकार धनबाद जिला में अधिनियम के अन्तर्गत आच्छादित होने वाले लाभुकों की वर्तमान रिक्तियाँ 2,187 है जो कि प्राप्त नये आवेदनों की तुलना में कम है। ऐसी स्थिति में अयोग्य राशन कार्ड को चिन्हित कर रद्द करने के उपरान्त रिक्ति बनाये जाने की कार्रवाई की जा रही है ताकि नये राशन कार्ड का निर्माण एवं सदस्यों का नाम जोड़ने की कार्रवाई की जा सके।

ह0/–
(थॉमस डुंगडुंग),
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक :– खा०प्र० 6–8 (वि०स०) 24/2019– 2145 /राँची, दिनांक 22/07/19

प्रतिलिपि – उप सचिव, झारखण्ड विधान सभा सचिवालय, राँची को उनके ज्ञाप संख्या–1367/वि०स०, दिनांक 13.07.2019 के क्रम में 200 प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के संयुक्त सचिव।

133

श्री सुखदेव भगत, माननीय स०वि०स० द्वारा दिनांक 25.07.2019 को पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न संख्या ज०–09 का उत्तर प्रतिवेदन :–

क्र०	प्रश्न	उत्तर
1.	क्या यह बात सही है कि लोहरदगा जिले के अन्तर्गत किस्को प्रखण्ड में स्थित डहरबाटी नाला में सरकार ने वित्तीय वर्ष 2016–17 में डैम बनाने का निर्णय लिया है;	स्वीकारात्मक।
2.	क्या यह बात सही है कि डहरबाटी नाला में डैम का निर्माण कराने हेतु सामाजिक अंकेक्षण का कार्य पूरा हो चुका है;	अस्वीकारात्मक।
3.	क्या यह बात सही है कि इस डैम के निर्माण होने से किस्को एवं कुडू प्रखंड के भूमि सिंचित होगा;	आंशिक स्वीकारात्मक। इस योजना से किस्को प्रखण्ड अन्तर्गत काशीडीह, नावाडीह, नदीटोली, होदाग, नवाटोली, नारीगाँव, कुमाटोली ग्रामों में कुल 900 हे० में सिंचाई सुविधा दी जा सकेगी।
4.	यदि उपर्युक्त खण्डों का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार डहरबाटी नाला में डैम का निर्माण कराना चाहती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?	योजना की प्रशासनिक स्वीकृति रू० 4796.00 लाख के लिये प्रदत् है। योजना स्थल सुरक्षित वन क्षेत्र में अवस्थित रहने के कारण योजना अन्तर्गत पड़ने वाले वन भूमि के अपयोजन हेतु कार्रवाई की जा रही है। वन भूमि अपयोजन के उपरान्त योजना के कार्यान्वयन हेतु कार्रवाई की जा सकेगी।

झारखण्ड सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक संख्या– 6/ज०स०वि०–20–तारां०–75/2019 – 3987 **/राँची, दिनांक** 23/07/19

प्रतिलिपि :– अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा को उनके ज्ञापांक– 1565 वि०स० दिनांक 18.07.2019 के प्रसंग में अतिरिक्त 200 (दो सौ) प्रति के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. उप सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, काँके रोड, राँची/ उप सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग, झारखण्ड, राँची/मुख्य अभियंता, योजना, मोनिटरिंग एवं आयोजन, जल संसाधन विभाग, राँची/मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग, राँची/प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–6 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

23/07/19

(प्रदीप कुमार)
सरकार के अवर सचिव
जल संसाधन विभाग, राँची।

134

श्री योगेश्वर महतो, माननीय स०वि०स० द्वारा दिनांक–25.07.19 को पूछे जाने वाले तारांकित प्रश्न संख्या जा०–10 का उत्तर प्रतिवेदन

प्रश्नकर्त्ता श्री योगेश्वर महतो, मा०स०वि०स०	उत्तरदाता विभागीय मंत्री
1. क्या यह बात सही है कि बोकारो जिला के जरीडीह प्रखण्ड के अन्तर्गत पाथुरिया विद्युत सब–स्टेशन का शिलान्यास वर्ष 1999 एवं वर्ष 2013 में किया गया मगर आजतक इसका निर्माण नहीं हो पाया है;	स्वीकारात्मक।
2. क्या यह बात सही है कि जैनामोड़ से ग्रामीण क्षेत्र अराजू, भस्की जैसे पंचायतों की दूरी 40–45 कि०मी० होने के कारण ट्रांसमिशन क्षति के कारण पर्याप्त बिजली ग्रामीणों को नहीं मिल पाती है;	अस्वीकारात्मक। ग्राम अराजू, भस्की के नजदीक लगभग 08 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम खुदीबेड़ा में 33/11 के०भी० क्षमता के पावर सब–स्टेशन का निर्माण किया गया है। उक्त के पश्चात् उपरोक्त पंचायतों में विद्युत उपभोक्ताओं को पर्याप्त बिजली मिल रही है।
3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो, क्या सरकार विद्युत सब–स्टेशन का निर्माण अविलंब कराने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों?	पथुरिया में 33/11 के०भी० क्षमता के पावर सब–स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है। कंट्रोल रूम एवं बाउण्ड्री वाल का काम पूरा कर लिया गया है। पोल गाड़ने का काम किया जा रहा है। इसे नवम्बर 2019 तक पूर्ण कर लिया जायेगा।

झारखण्ड सरकार

ऊर्जा विभाग

ज्ञापांक :– 1836/ राँची, दिनांक :– 23/7/19

प्रतिलिपि – अवर सचिव, झारखण्ड विधानसभा सचिवालय, राँची को अतिरिक्त 200 प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

23/7/19

सरकार के अवर सचिव।

(135)

श्री लक्ष्मण टुडू, मा०स०वि०स० के द्वारा दिनांक–25.07.2019 को पूछे जानेवाले तारांकित प्रश्न संख्या–का–04 का उत्तर प्रतिवेदन :–

क्र०	प्रश्न	उत्तर
1	क्या यह बात सही है कि झारखण्ड राज्य के जिलों में चौकीदार एवं दफादार का पद जिला रोस्टर के अनुसार अभी भी स्वीकृत पदों की अपेक्षा रिक्त है ;	स्वीकारात्मक।
2	क्या यह बात सही है कि झारखण्ड राज्य में चौकीदार एवं दफादार से बिना उनकी नियुक्ति के ही उनसे अवैतनिक कार्य लिया जा रही है ;	अस्वीकारात्मक। झारखण्ड राज्य में चौकीदार एवं दफादार से अवैतनिक कार्य लिये जाने का राज्य सरकार द्वारा कोई आदेश निर्गत नही किया गया है।
3	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जिला रोस्टर के अनुसार रिक्त पदों को भरने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, ही तो क्यों ?	विभागीय पत्रांक–1325, दिनांक–08.03.2019 द्वारा चौकीदार के रिक्त पदों के विरूद्ध नियमानुसार विज्ञापन प्रकाशित करते हुए नियुक्ति करने हेतु सभी उपायुक्त को निदेशित किया गया है।

झारखण्ड सरकार,
गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग।

ज्ञापांक–17 / वि०स०–02 / 2019–3874 / राँची, दिनांक–24/07/19 ई०।

प्रतिलिपि–200 अतिरिक्त प्रतियों के साथ अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा को उनके ज्ञापांक–1564, दिनांक–18.07.2019 के प्रसंग में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

24/07/19

सरकार के अपर सचिव।

(136)

श्री राज सिन्हा, माननीय स०वि०स० द्वारा दिनांक–25.07.19 को पूछे जाने वाले तारांकित प्रश्न संख्या जा०–14 का उत्तर प्रतिवेदन

प्रश्नकर्त्ता श्री राज सिन्हा, मा०स०वि०स०	उत्तरदाता विभागीय मंत्री
1. क्या यह बात सही है कि धनबाद के गोविन्दपुर कांड्रा में 100 मेगावाट का ग्रिड बनकर 2017 से तैयार है;	स्वीकारात्मक।
2 क्या यह बात सही है कि आज तक यह ग्रिड चालू नहीं किया जा सका है, जिससे धनबाद के लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है;	स्वीकारात्मक।
3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो, क्या सरकार उक्त ग्रिड को चालू करने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों?	धनबाद के गोविन्दपुर कांड्रा में स्थित 220/132/33 के०वी० ग्रिड सब-स्टेशन को 220 के०वी० संचरण लाईनों द्वारा दुमका एवं टी०टी०पी०एस० से जोड़ा जाना है। 220 के०वी० गोविन्दपुर-दुमका संचरण लाईन का वन विभाग द्वारा पेड़ कटाई की अनुमति लंबित है। वन विभाग से अनुमति प्राप्त होते ही शेष बचे निर्माण कार्य को पूरा कर माह जुलाई 2019 में ऊर्जान्वित करने का लक्ष्य है। 220 के०वी० टी०टी०पी०एस-गोविन्दपुर संचरण लाईन का वन विभाग से अनुमति प्राप्त हो गया है। इस संचरण लाईन का शेष कार्य त्वरित गति से पूरा कर माह सितम्बर 2019 में ऊर्जान्वित करने का लक्ष्य है।

झारखण्ड सरकार
ऊर्जा विभाग

ज्ञापांक :-.....1858...../ राँची, दिनांक :-.24/7/19/

प्रतिलिपि - अवर सचिव, झारखण्ड विधानसभा सचिवालय, राँची को अतिरिक्त 200 प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(अरूण प्रकाश सिंह)
सरकार के अवर सचिव।

